भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4283
जिसका उत्तर 18 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

नई विद्युत प्रशुल्क नीति

4283. श्री ए.के.पी. चिनराजः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विद्युत की नई दरों संबंधी नीति तैयार करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नई विद्युत दर नीति के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं; और

(घ) नई नीति के कब तक लागू होने की संभावना है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (घ) : टैरिफ नीति का संशोधन प्रारूप दिनांक 30.05.2018 को टिप्पणियों हेतु पणधारकों को परिचालित किया गया था। टैरिफ नीति में प्रस्तावित संशोधनों में अन्य मुद्दों के अतिरिक्त विद्युत क्षेत्र की धारणीयता सुनिश्चित करना, वितरण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, पर्यावरणीय सरोकारों का समाधान करना, निष्पादन में सुधार करना, दक्षता और जवाबदेही प्रमुख बिंदु हैं। एक संशोधित टैरिफ नीति के लिए सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

******